एक व्यक्ति रास्ते में जा रहा था कि उसने रास्ते में कांटेदार टहनी देखी, तो उसने उसे हटा दिया। अल्लाह ने उसके इस काम को पसंद किया और उसे माफ कर दिया।

अबू हुरैरा -रज़ियल्लाहु अन्हु- का वर्णन है कि अल्लाह के रसूल -सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम- ने फ़रमाया है : "एक व्यक्ति रास्ते में जा रहा था कि उसने रास्ते में कांटेदार टहनी देखी, तो उसने उसे हटा दिया। अल्लाह ने उसके इस काम को पसंद किया और उसे माफ कर दिया।"
[स़ह़ीह़] [इसे बुख़ारी एवं मुस्लिम ने रिवायत किया है]

अल्लाह के नबी सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम ने बताया कि एक व्यक्ति रास्ते से जा रहा था। इसी बीच देखा कि एक काँटेदार पेड़ की एक शाखा रास्ते में है और मुसलमानों को कष्ट दे रही है। अतः उसे रास्ते से हटा दिया, तो अल्लाह ने उसके इस कार्य का सम्मान करते हुए उसे क्षमा कर दिया।

http://sunnah.global/hadeeth/hi/show/6469